पुस्तकालय
2
3369
11/8/14

सत्यमेव जयते

असंशोधित

11 AUG 2014

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
पी०स०ग्रं०सं० 900 तिथि 14-8-14

क्रमांक-43- श्री परमानन्द ऋषिदेव

श्री परमानन्द ऋषिदेव_: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि :

यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के रानीगंज बाजार के काली मंदिर एवं भरगामा मोड़ पर हो रहे जाम से मुक्ति दिलावे ।

श्री विजय चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के रानीगंज बाजार के काली मंदिर एवं भरगामा मोड़ पर मकई व्यवसायिओं द्वारा लोड एवं अन-लोड करने के कारण यदा कदा यातायात का दबाब बढ़ जाता है, जिसके कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है । रानीगंज बाजार के काली मंदिर एवं भरगामा मोड़ पर यातायात के नियंत्रण एवं जाम से मुक्ति हेतु चार चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति की गई है एवं गस्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी भी यातायात के नियंत्रण पर विशेष घ्यान देते हैं, इसके अतिरिक्त पुलिस अघीक्षक, अररिया द्वारा थानाध्यक्ष, रानीगंज को अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया की धारा 133 के अन्तर्गत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है महोदय । चूंकि जाम हटाने के लिए सरकार कार्रवाई कर रही है इसलिए माननीय सदस्य से आग्रह है कि वे अपना संकल्प वापस ले लें ।

अध्यक्ष : क्या माननीय सदस्य श्री परमानन्द ऋषिदेव_अपना प्रस्ताव वापस लेंगे ?

श्री परमानन्द ऋषिदेव_: महोदय, ट्रांसफारमर को आगे या पीछे कर दिया जायेगा तो जाम हट जायेगा।

अध्यक्ष : क्या माननीय सदस्य अपना प्रस्ताव वापस लेंगे ?

श्री परमानन्द ऋषिदेव_: जी, मैं वापस लेता हूँ ।

अध्यक्ष : सदन की सहमति से माननीय सदस्य श्री परमानन्द ऋषिदेव_ का प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्रमांक-44 श्री कृष्णनन्दन यादव

श्री कृष्णनन्दन यादव : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि :

यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पर्वत पुरूष दशरथ मांझी की जीवन चरित्र से विद्यार्थियों को धैर्य, दृढ़तापूर्वक संकल्प लेने एवं ईमानदारी से सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा लेने हेतु बाबा के जीवन चरित्र की पढ़ाई छठी कक्षा से बारहवीं कक्ष तक अनिवार्य रूप से बिहार पाठ्य कार्यक्रम में शमिल करावे ।